महत्वपूर्ण एवं खास

दुल्हन ने दूल्हे से कमरे में चलने को कहा लेकिन कुछ ऐसा हुआ कि लड़की ने शादी करने से किया इनकार

छपरा। जयामाला हो रही थी लेकिन अचानक दुल्हन ने दूल्हे से कमरे में चलने को कहा वहां जाकर कुछ ऐसा हुआ कि लड़की ने शादी करने से इनकार कर दिया। बिहार के छपरा के अमनौर में

मंदबुद्धि दूल्हा देखकर दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया हालांकि वर पक्ष ने दुल्हन को मनाने की भरसक कोशिश की लेकिन दुल्हन तैयार नहीं हुई और बारात वापस लौट गई। अमनौर हरनारायण पंचायत अविस्थित डोमन छपरा गांव में सकलदेव राय की पुत्री राधा कुमारी की शादी दानापुर के हेतनपुर गांव के रामशंकर राय के पुत्र अरविन्द कुमार से तय हुई थी। शनिवार को अमनौर में वर पक्ष वाले बारात लेकर आए थे। धूमधाम से द्वार पूजा की रस्म हुई। इसी दौरान लड़की को भनक लग गई की लड़का देखने में मंद बुद्धि जैसा दिख रहा है। महिलाओं ने दूल्हे को कमरे में बुलाकर नोट देकर गिनती करने को कहा लेकिन दूल्हे के गलत गिनती पर सभी भड़क गए और लड़की ने शादी करने से इनकार कर दिया। दोनों तरफ से मान मनौवल होने लगा। समझौते के बाद भी बात नहीं बनी तो सुबह होते ही दोनों तरफ से मुखिया और सरपंच की उपस्थिति में पंचायती हुई और वर पक्ष वाले अपना गहना लेकर तिलक के समान लौटाया तथा बगैर दुल्हन के दूल्हा बैरंग वापस लौट गया।

डॉयल 112 की मदद से गुम बालक मिला

रायगढ़। आज सारंगढ़ थाना अन्तर्गत संचालित डॉयल 112 के राईनो वाहन को ग्राम गोडम के पास एक गुम बालक के मिलने का इवेंट प्राप्त हुआ । जिस पर राईनो स्टाफ आरक्षक देव नारायण भगत मौके पर पहुंचा, बालक की देखरेख कर रहे व्यक्ति ने बालक को अकेले देखकर साथ में रखना बताया, बालक से पूछताछ करने पर बालक टिमरलगा का रहने वाला बताया, जिसके परिजनों की पतासाजी की जा रही थी कि उसी दरमियान गुम बालक का बड़ा भाई मौके पर पहुंचा , जिसके सुपुर्द बालक को किया गया है ।

सट्टा पट्टी लिखते युवक गिरफ्तार, तमनार पुलिस कार्यवाही

रायगढ़। 8 अक्टूबर को थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में सउनि गोवर्धन प्रधान एवं हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर तमनार झ्रह्र. आफिस के पास पान ठेला में नीरज बहिदार को सट्टा पट्टी लिखते रेड कर पकड़े । आरोपी नीरज बहिदार उम्र 28 वर्ष के कब्जे से सट्टा पट्टी अंक लिखा कागज, पेन एवं नगदी रकम 3500 रूपये जप्त किया गया है । आरोपी के विरूद्ध थाना तमनार में धारा (4) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ।

6 जुआ फड पर चौंकी जूटमिल व भूपदेवपुर पुलिस की जुआ रेड कार्यवाही, 25 जुआरी पकड़ाए

रायगढ़। 7 अक्टूबर की रात्रि जूटमिल और भूपदेवपुर पुलिस ने जुआ के 6 फड़ पर रेड कार्रवाई करते हुए 25 जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से जुआ के फड़ में लगे करीब 13 हजार रूपए नकदी व 52 पत्ती तास जप्त किया है। आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ।

स्थैतिक निगरानी एवं उडनदस्ता दल सक्रिय, जिले की सीमाओं पर बढाई गई चौंकसी

रायगढ़। विधानसभा आम निर्वाचन 2018 की घोषणा 6 अक्टूबर को होने के साथ ही कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ द्वारा गठित स्थैतिक निगरानी दल एवं उडनदस्ता दल अपने कार्य में सक्रिय हो गये हैं । उडनदस्ता टीम जिले की सीमाओं पर 24 घंटे 03 पालियों में अपनी ड्यूटी कर रहें है।

आचार सहिता के लगते ही वाहनों की जांच शुरू

रायगढ़। ओडिशा यानि की गांजा का गढ़ज यहां गांजा इतना सस्ता मिलता है कि लोग यहां से गांजा तस्करी कर रातों रात अमीर बनने की लालच में अपराध का रास्ता अपनाते हैं। पिछले एक साल का रिकार्ड देखा जाए तो रायगढ़ जिले की पुलिस ने गांजा तस्करी को लेकर गिनचुनी कार्रवाई करके ही अपनी पीठ थपथपाती रही है, लेकिन जैसे ही आचार संहिता लागू हुई जिला प्रशासन की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर ओडिशा बार्डर से निकलने वाले रास्तों में सघन चेकिंग शुरू कर दी है। हालत यह है कि इस चेकिंग को होते हुए 48 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस को न तो कोई संदेही दिखा और न ही कोई संदेहास्पद चीज जब्त हुई है।

ओडिशा राज्य रायगढ़ जिले से लगा हुआ राज्य है। रायगढ़ जिला व ओडिशा राज्य की सीमावर्ती क्षेत्रों की बात करें तो ओडिशा का बरगढ़ क्षेत्र रायगढ़ के सरिया

को टच करता है। इसके साथ ही रायगढ़ जिले में प्रवेश करने वाले रास्तों की बात करें तो सरिया, बरमकेला, पुसौर, लैलुंगा आदि ब्लाक से होते हुए कई रास्ते ओडिशा और रायगढ़ को जोड़ते हैं। अतरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मुताबिक आचार संहिता के बाद से जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मिलकर लैलुंगा, चक्रधरनगर, तमनार, डोंगरीपाली, पुसौर, सरिया और सारंगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चेकिंग प्वाइंट लगाए गए हैं।

इन चेक पोस्टों में एसडीएम, तहसीलदारों की भी ड्यूटी लगाई गई है, जो कि संबंधित थाने के टीआई व उनकी टीम के साथ चेकिंग कर रहे हैं। इनके द्वारा हर आने-जाने वाले वाहन चाहे वह वीआईपी या फिर अन्य सभी की गहन चेकिंग की जा रही है। हालांकि अभी तक जांच टीम के हाथ कोई सफलता नहीं आई है।

पड़ोसी जिले में अधिक पकड़ा जाता है गांजा

इसे रायगढ़ पुलिस की ढील कहें या फिर लापरवाही, लेकिन सच यह है कि जितना गांजा जांजगीर जिले के चंद्रपुर, डभरा और अन्य थाना सहित बिलासपुर क्षेत्र में पकड़ा जाता है उतना रायगढ़ जिले में नहीं पकड़ा गया है। यहां की पुलिस की मानें तो उन्होंने सरिया और सारंगगढ़ सहित अन्य थानों में बड़ी कार्रवाई की है, लेकिन कोई बड़ी कार्रवाई उन्हें याद नहीं है।

इन चीजों की भी होती है तस्करी

ओडिशा राज्य से तस्करी वाली चीजों की बात करें तो यहां से गांजा तो बड़े पैमाने आता ही है, साथ ही ईमारती लकड़ी और कच्ची शराब की भी तस्करी की जाती है। इस अवैध कारोबार में जुड़े लोग खुलेआम इन जीचों की तस्करी करते हैं, लेकिन यह पुलिस को क्यों नहीं दिखती यह समझ से परे है। ईमारती लकड़ी की तस्करी तो ट्रेन से भी की जाती है, लेकिन आरपीएफ और जीआरपी चंद रुपए के लालच में अपनी आंखे मूंद लेती है और तस्कर इस लकड़ी को रेलवे स्टेशन से थोड़ा पहले गिरा देते हैं और वहां खड़ा उनका आदमी उसे लेकर बाजार पहुंचा देता है।

इन रास्तों से होती है तस्करी

गांजा व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी की बात करें तो ओडिशा से रायगढ़ जिले के लिए भुक्ता, रुचिता होते हुए सरिया तक पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा भुक्ता से कोड़ताब्रा होते हुए और सोहिला से डोंगरीपाली होते हुए तस्कर आसानी से छत्तीसगढ़ राज्य के रायगढ़ जिले में प्रवेश कर जाते हैं।

भारत-बांग्लादेश सीमा से मिटेगा ईस्ट पाकिस्तान का नाम, हटाए जाएंगे पुराने 'निशान'

नई दिल्ली। भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित ईस्ट पाकिस्तान वाले बॉर्डर पिलर को जल्द बदला जाएगा. बांग्लादेश सरकार ने कुछ साल पहले भारत सरकार से अनुरोध किया था कि सीमा पर भारत पाकिस्तान के बंटवारे के दौरान लगे ईस्ट पाकिस्तान वाले पिलर को वो हटाना चाहता है. बांग्लादेश सरकार ईस्ट पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश वाले नए पिलर लगाना चाहती है.

देखा जाए तो भारत और पाकिस्तान सीमा पर लगे बॉर्डर पोस्ट की बीएसएफ देखभाल करती है, लेकिन अब तक भारत और बांग्लादेश सीमा पर लगे बॉर्डर पोस्ट संबंधित राज्य सर्वे से लेकर मेन्टेन्स करते थे, लेकिन अब मेघालय को छोड़कर सभी बॉर्डर पोस्ट की मेन्टेन्स का काम केंद्र सरकार ने बीएसएफ के जिम्मे दे दिया है.बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, हमें केंद्र सरकार से बॉर्डर पिलर बदलने की इजाजत मिल गई है. पहले फेज के तहत भारत-बांग्लादेश सीमा के ईस्ट पकिस्तान के 31 पिलर बदले जाएंगे. हम असम के धुबरी, फुलकता के 13 बॉर्डर पिलर को बदलने का काम अगले हफ्ते से शुरू करेंगे और बाकी 18 पिलर बांग्लादेश की बीजीबी बदलेगी.उल्लेखनीय है कि 1971 से पहले बांग्लादेश ईस्ट पाकिस्तान कहा जाता था, लेकिन भारत पाकिस्तान की सीमा पर लगे ईस्ट पाकिस्तान वाले पिलर पोस्ट नही बदले गए थे, लेकिन अब करीब 49 साल बाद बांग्लादेश अपने देश से ईस्ट पाकिस्तान से संबंधित सारे निशान अब मिटाएगा.

छोटी सी बात पर दामाद को आया गुस्सा, सास-ससुर को उतारा मौत के घाट

बिलासपुर। तखतपुर से लगे खपरी के रेस्ट हॉउस में चौकीदारी करने वाले सिरायाम धुरी(60) पत्नी शकुन धुरी व बेटी उमा धुरी (30) अपने दो साल के बच्चे के साथ रहती है। देर रात 12 बजे के आस-पास सिरायाम का दमाद गोलू धुरी नशे में धुत होकर अपने ससुराल पहुंचा और पत्नी को अपने साथ ले जाने की जिद करने लगा, इस पर सिरायाम ने बेटी उमा को भेजने से इंकार कर दिया इससे आग बगुला गोलू

ने टागियां से सिरायाम पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची सिरायाम की पत्नी शकुन धुरी व बेटी उमा पर भी आरोपी ने टागियां से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया। पति गोलू पर खून सवार देख उमा भी अचेत होने का नाटक करने लगी और फिर जैसे ही गोलू ओझल हुई उमा ने 112 हेल्प लाइन में फोन कर सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि सिरायाम और उसकी पत्नी शकुन की मौत हो चुकी थी, वहीं उमा भी गंभीर अवस्था में पड़ी थी।

कांग्रेस की एकजुटता में दरार, भूपेश बघेल को छोड़कर कांग्रेस के 5 बड़े नेता दंतेवाड़ा हुए रवाना

रायपुर। आज सुबह करीब 10 बजे छत्तीसगढ़ कांग्रेस के 5 बड़े नेता एक साथ चौपर से दंतेवाड़ा रवाना हुए हैं। पीसीसी चीफ भूपेश बघेल को छोड़कर सभी आला नेता एक साथ बस्तर के लिए रवाना हुए हैं। उन नेताओं में टीएस सिंहदेव, चरणदास महंत, रविंद्र चौबे, धनेंद्र साहू, शिव डहरिया, राम दयाल उईके शामिल हैं। हालांकि पार्टी को एकजुट करने में पूर्व पीसीसी चीफ नंदकुमार पटेल और उसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेश बघेल की अहम भूमिका मानी जाती है लेकिन अब कांग्रेस की एकजुटता में दरारे सामने आने लगी है।

कलेक्टर ने ली धान उपार्जन केन्द्रों के प्रबंधकों एवं डाटा आपरेटरों की बैठक

रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने खरीफ विपणन वर्ष 2018-19 के तहत धान एवं मक्का का समर्थन मूल्य पर उपार्जन एवं किसान पंजीयन का कार्य शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति के अनुरूप किए जाने हेतु जिले के सभी 79 सहकारी समितियों के 123 उपार्जन केन्द्रों के प्रबंधकों एवं डाटा एन्ट्री आपरेटरों की संयुक्त बैठक ली।

कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने धान खरीदी कार्य में संलग्न उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, नोडल अधिकारी अपेक्स बैंक के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धान खरीदी के पूर्व आरंभिक व्यवस्था एवं धान खरीदी के दौरान अपनाए जाने वाली क्रियान्वयन के संबंध में निर्देशित किया। कलेक्टर ने आगामी विधानसभा चुनाव में समिति में पंजीकृत कृषकों को अपना मतदान का प्रयोग करने हेतु मतदान जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत प्रेरित करने हेतु सुझाव दिया। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री रूचि शर्मा ने उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना मतदान करने हेतु शपथ दिलाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार उपस्थित थे।

स्वीप के तहत रायगढ़ वोटर आइडल' का आयोजन 14 अक्टूबर को

रायगढ़। मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत रविवार 14 अक्टूबर को शाम 4 से 7 बजे तक नटवर हाईस्कूल में रायगढ़ वोटर आइडल' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें फिल्मी गीत एवं नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें किसी भी प्रकार के धार्मिक एवं राजनीतिक विषय पर आधारित नहीं होना चाहिए।

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को डिस्ट्रिक यूथ आइकॉन के रूप में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में 18 से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कुलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर

एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
ADMISSION OPEN
For Nuresery to 10th
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ..

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes..
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931